प्रादेशिक समाचार
23.08.2025 (दोपहर—1455 बजे)

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कम समय में ही युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

***************

झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड रहे कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को अजरबैजान से झारखंड लाया गया है। आज सुबह एटीएस की टीम सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच रांची एयरपोर्ट से मयंक सिंह को रामगढ़ भेजा गया। रामगढ़ कोर्ट में पेश होने के बाद एटीएस की टीम मयंक को रिमांड पर लेगी। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद मयंक सिंह को लाने अजरबैजान गणराज्य गए हुए थे।

***************

पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र के ऊपर बने निम्न दबाव की वजह से पिछले दो दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। राज्य के चतरा, रांची, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा और लातेहार सहित कई जिलों में भारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं, सड़कों पर पानी भर गया है और शहरी क्षेत्र के निचले इलाके में पानी भरने से लोगों के घर में पानी घुस गया है। रांची के पंचशीलनगर, हिन्दपीढ़ी, मोरहाबादी और कोकर सहित कई मुहल्ले में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। मौसम विभाग ने आने वाले तीन—चार दिनों तक भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है।
जमशेदपुर में लगातार बारिश के कारण स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने दोनों नदियों के किनारे बसे तटीय और डूब क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

***************

राजधानी रांची में भी लगातार हो रही बारिश के कारण जहां धुर्वा डैम ओवरफ्लो होने लगा है। वहीं, धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगरनाथपुर मंदिर परिसर भी प्रभावित हो गया। मुख्य मंदिर तक जाने वाली सड़क पर गहरी दरारें पड़ गई हैं, जबकि मंदिर की सीढ़ियों में लगी रेलिंग धंसकर हिलने लगी है। कई रेलिंग जमीन में घुस गई।

***************

रिम्स—2 का निर्माण रांची कें कांके प्रखंड के नगड़ी में कराये जाने की योजना राज्य सरकार की है, लेकिन नगड़ी के किसान खुलकर इसका विरोध कर रहे हैं और किसी कीमत पर जमीन देने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता अर्जुन मुंडा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कहा कि रिम्स—2 का निर्माण खूंटी में नॉलेज सिटी के लिए अधिगृहित जमीन पर कराया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने भी खूंटी में रिम्स—2 का निर्माण कराने की मांग की है।

***************

गोड्डा जिले में ग्रामीण सड़को के कायाकल्प को लेकर तकनीकी स्वीकृति मिल गयी है।

***************

पश्चिम सिंहभूम जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायज़ा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके द्वारा प्राप्त चिकित्सीय सेवाओं, दवाइयों और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

*******समाप्त*******